## प्रारूप– 11

## परियोजना का नाम– होमगार्ड्स स्वयं सेवको के प्रशिक्षण हेतु परेड ग्राउण्ड का निर्माण।

## औचित्य प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि यहां पर होमगार्ड्स के प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में स्थापित इकाई है, जहां गढ़वाल मण्डल के लगभग 1000 जवानों को भिन्न–भिन्न प्रशिक्षण आपदा सम्बन्धी प्रशिक्षण तथा नव नियुक्त होमगार्ड्स स्वयं सेवको का 42 दिवसीय बेसिक प्रशिक्षण, 30 दिवसीय, 13 दिवसीय पुनरावृत्ति प्रशिक्षण, 10 दिवसीय व 08 दिवसीय द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षण कराये जाते है। प्रशिक्षण में ड्रिल मार्चिंग/परेड एवं अन्य शारीरिक क्वायदें आदि शामिल है। प्रशिक्षण के दौरान होमगार्ड्स स्वयं सेवको को फायरिंग का अभ्यास भी कराया जाता है परन्तु ग्राउन्ड का समतलीकरण न होने के कारण कठिनाइयों का सामाना करना पड़ता है। साथ ही विभिन्न बल तथा पी0ए0सी0, पुलिस, एस0डी0आर0एफ0 एवं एन0डी0आर0एफ0 आदि चुनाव/आपदा कार्यो हेतु इस प्रशिक्षण केन्द्र में एकत्रित होते रहते है, जिसके एकीकरण के लिए वर्तमान में इस प्रशिक्षण केन्द्र पर परेड ग्रउन्ड उपलब्ध नहीं है। 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के सुअवसर पर भी इस प्रशिक्षण केन्द्र पर परेड आदि का अयोजन किया जाना है। **इस प्रशिक्षण केन्द्र पर कोत भी स्थापित है जिसमें आर्म्स एवं एम्यूनेशन रखे गये है। भूमि के चारो ओर सुरक्षा दीवार न होने के कारण कोत की सुरक्षा हेतु भय बना रहता है।** भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य/गैराज न होने से विभागीय वाहनो को खुले में रखा गया जिनका खराब होने संभावना अधिक रहती है। भूमि हस्तान्तरण के पश्चात ही परेड ग्राउन्ड के निर्माण एवं चार दीवारी का निर्माण किया जाना है, वर्तमान में चार दीवारी का निर्माण न होने के कारण पालतू जानवर एवं घोड़े–खच्चर कार्यालय परिसर में विचरण करते है। ग्राउन्ड निर्माण न होने के कारण भूमि पर बरसात के मौसम में विभिन्न प्रकार की कंटीली झाड़िया उत्पन्न हो जाती है जिससे कारण विषेले जीव जन्तुओं का भय भी बना रहता है। जिला प्रशिक्षण केन्द्र होमगार्ड्स श्रीकोट श्रीनगर गढ़वाल हेतु परेड ग्राउण्ड का निर्माण किया जाना है जिसकी होमगार्ड्स विभाग को नितान्त आवश्यकता है।

हस्ताक्षर एवं नाम प्रयोक्ता एजेन्सी
विभागीय मुहर सहित

COMMANDANT
DISTT TRAINING SENTER
HOME GUARD
SHRINAGAR (GARHWAL)